नया इंडिया

भीलवाड़ा

भीलवाड़ा | गुरुवार | 6 अगस्त 2020 | पेज-3

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
06-अगस्त	26.0	32.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।
07-अगस्त	26.0	32.0	आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।

समाचार : शहर संभाग

श्रीराम मंदिर जन्म भूमि मंदिर शिलान्यास पर छायी खुशियां

अयोध्या सी सजी नजर आई औद्योगिक नगरी, भगवा पताकाओ से सजे बाजार।

बंटी मिठाईयां, घर की चौखट दीपकों से जगमगाई।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

पांच सौ सालों बाद मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर शहर में खुशियां मनाई गई। जिस प्रकार भगवान श्रीराम 14 वर्षों का वन वास काटकर अयोध्या लौटे थे और उनके आने की खुशी में अयोध्या नगरी को सजाया गया था लोगों ने अपने प्रिय राम के आगमन के लिए स्वागत द्वार लगाये, घी के दीपक जलाकर खुशियां मनाई। उसी तरह बुधवार को भी अयोध्या के साथ-साथ पूरे देश में हर कोई राममय नजर आया। औद्योगिक नगरी भी इससे अछूती न रही। शहर में जगह-जगह बाजारों में प्रतिष्ठानों के बाहर भगवा पताकाएं लगाई गई। गली मौहल्लों में भी घरों के बाहर भी पताकाएं लगी देखी गई। चौराहों पर बने सर्किलों भी भगवा चूनर से सजे नजर आए। शाम को सभी शहरवासी अपने-अपने घरों के बाहर दीप जलाकर दीवाली की तरह खुशियां मनाएंगे। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के भूमि पूजन होने के उपलक्ष में शहर में मुरलीविलास रोड सहित कईं स्थानों पर लड्डु बांटे गए। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाईयां देने का दौर दिनभर चलता रहा। हरिशेवाधाम के महंत महामंडलेश्वर हंसाराम उदासीन, संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी, पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत लक्ष्मणदास त्यागी, निम्बार्क आश्रम के महंत मोहनशरण शास्त्री ने शहरवासियों से शाम को अपने-अपने घरों के बाहर दीपक जलाकर भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण की खुशियां मनाने की अपील की। वहीं शाम को जिलेवासियों सहित मंदिरों पर दीपक जलाकर चौखटे सजाई गई। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर सोशल मीडिया पर भी बधाईयों का दौर जारी है। सब अपने-अपने तरीकों से चिर-परिचितों व शहरवासियों को बधाई दे रहे है। फेसबुक, व्हाटसअप, टवीटर आदि पर बधाईयों का दौर कल रात से ही अनवरत जारी है। रामजन्म भूमि मुक्ति आंदोलन के दौरान 12 मार्च 1991 को भीलवाड़ा के शहीद चौक में रामभक्त सुरेश जैन व रतनलाल सेन को बुधवार सुबह शहीद चौक में स्मारक पर श्रद्धांजलि दी गई। प्रवक्ता विजय ओझा ने बताया की इस दौरान विहिप के कई पदाधिकारी व सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अयोध्या में राम मंदिर भूमि पूजन होने जा रहा है। राम मंदिर का निर्माण अति शीघ्र हो इसके लिए शुभकामना प्रेषित कर आरके, आरसी व्यास माहेश्वरी महिला संगठन की बहनों ने रामायण के बालकांड के सभी मास पारायण का दोपहर 12.30 से 5.30 बजे तक एक-एक पाठ किया और 2 सुंदरकांड पाठ किये। अध्यक्ष एवं सचिव इंदिरा हेड़ा व चेतना जागेटिया सहित विनीता नवाल, सुचिता कोगटा,सुनीता काबरा,सुशीला अजमेरा, मीनू झंवर, सरोज सोमानी, आशा दरगड़,रंजना बिड़ला, पूनम, डॉ.प्रीति, डॉ. सुनीता मूंदड़ा, सीमा बिड़ला द्वारा पाठ किये गए।

सांसद बहेड़िया ने जताया हर्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं संरसंघ चालक मोहनराव भागवत, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम शुभ मुहर्रत में शुरू होते ही सांसद कार्यालय पर सांसद सूभाष बहेडिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का मुंह मीठाकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि इससे नवीन युग की शुरूआत के साथ ही वर्षो से भगवान रामलला के मंदिर निर्माण का स्वप्न पूरा हुआ जो स्वर्णिम इतिहास में लिखा जायेगा । इस अवसर पर राजकुमार आंचलिया, दयाराम दिव्य, पंकज प्रजापत, छोटू अठारिया, दिव्यभानू तोलम्बिया, प्रवीण शर्मा, ओम शर्मा सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

सच हुआ कार सेविकाओं का सपना

6 दिसम्बर 1992 का वह दिन जब विश्व हिन्दु परिषद जिलाध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल जिला महामंत्री ओम प्रकाश बूलिया संगठन मंत्री जिला सुरेश गोयल , धर्माचार्य मण्डल संरक्षक त्यागी रामलाल दास, पण्डित पुरुषोत्तमाचार्य शास्त्रि, पूर्व तहसीलदार नरेन्द्र सिंह राणावत छापरेल, हरिचंद्र गटीयानी बरुदनी, कोटड़ी ब्लॉक विश्व हिन्दू परिषद प्रखण्ड प्रमुख भंवर लाल सुवालका, महिला वाहिनी जिलाध्यक्ष निरजंन सोनी, प्रखण्ड वाहिनी नीलम वैष्णव, धर्म प्रचार प्रमुख पंडित सत्यनारायण पंचोली के मार्ग दर्शन में कोटड़ी ब्लॉक से 275 कार सेवको का जत्था कार सेवा करने हेतु अयोध्या गया अस्थाई श्री राम मन्दिर का निर्माण करा पुण्य का भागी बना।

फटाफट

पीएम मोदी को पहनाया भीलवाड़ा का साफा, सौंपी चांदी की ईंट

भीलवाड़ा। भगवान श्रीराम लला के जन्मस्थान अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन बुधवार को हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने गए रेलवे स्टेशन के पास स्थित पूरणदास जी की बगीची स्थित एकादश रुद्र हनुमान मंदिर के महंत आशुतोष दास जी। वे यहां से भूमि पूजन के लिए एक किलो ढाई सौ ग्राम की चांदी की ईंट लेकर गए। इस ईंट पर सीताराम अंकित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भूमि पूजन करने से पहले हनुमान गढ़ी मंदिर गए। तब वहां ये ईंट सौंपी गई। हालांकि ये ईंट मोदी की सुरक्षा में तैनात एसपीजी के अधिकारियों ने प्राप्त की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचने पर हनुमान गढ़ी के महंत श्री ने साफा पहनाया गया। यह साफा भी भीलवाड़ा से महंत आशुतोष जी लेकर गए थे। महंत के शिष्य यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि कुल बारह साफे महंत जी लेकर गए थे। चांदी की ईंट मोदी को सौंपना और भीलवाड़ा का साफा मोदी को पहनाने से भीलवाड़ा का मान बढ़ा है।

ट्रकों-ट्रेनों से राम मंदिर के लिए पहुंचे थे कार सेवक : गुरूजी

भीलवाड़ा। अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर बनाने का सपना आज पूरा होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही अनेक संत-महंतों की साक्षी में निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ। श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति के लिए 500 वर्षों के संगर्ष और बलिदान के बाद यह सुअवसर आया। श्री राम जन्म भूमि आंदोलन के दौरान कारसेवक मांडलगढ़ के पूर्व विधायक एवं वाहिनी प्रमुख बद्रीप्रसाद गुरुजी भी कारसेवा में अयोध्या गए। उस वक्त की स्मृतियां आज भी उन्हें याद है। गुरुजी कहते हैं-मुझे स्मरण है 1990 में कार सेवा के लिए मांडलगढ़, कोटड़ी के कारसेवक ट्रेन से मांडलगढ़ स्टेशन से जाने के लिए पहुंचे। वहां संदेश मिला कि सब अजमेर पहुंचे। हम दो ट्रक व एक अन्य ट्रक से अजमेर के लिए रवाना होकर ब्यावर होते हुए अजमेर पहुंचे। पिताजी स्व.गोपाल कृष्ण गुरुजी व स्व हरीश गट्टानी के नेतृत्व में अजमेर से ट्रेन से रवाना हुए। मुझे, भगवान सिंह, नरेन्द्र राजोरा, कैलाश गौड़, भायाजी भवानी शंकर को निर्देश के अनुसार इन्हें रवाना करके वापस आए। बीगोद पहुंचने पर पता चला कि रात्रि को कुछ साथियों के मकानों पर उपद्रव करने की कोशिश हुई। तब सेना के जवान बीगोद व मांडलगढ़ बुलाए गए। कई बन्धु रास्ते में गिरफ्तार कर लिए गए।

गांव-देहात :

उद्यमियों को परेशान करने वालों पर कसेंगे लगाम

विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्रा के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

नए निवेश एवं उद्यमान उद्यम के संचालन से संबंधित राज्य सरकार के समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों में लम्बित प्रकरणों पर समीक्षा के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन श्री राकेश कुमार, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपुल जानी एवं एवीवीएनएल, रीको, प्रदूषण नियंत्राण मंडल सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के अलावा मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फैडरेशन, लघु उद्योग भारती, भीलवाड़ा सिंथेटिक विविंग मिल्स एसोसिएशन, जिला लघु उद्योग संघ आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपुल जानी ने बताया कि औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिकायत की कि कतिपय असामाजिक तत्व चित्तौड़गढ़ रोड व हमीरगढ़ स्थित औद्योगिक इकाइयों में अनावश्यक रुप से परेशान करते हुए उद्योग संचालन में बाधा डालते हैं। उद्यमियों ने शिकायत में कहा कि ये लोग आए दिन अपनी पसंद की लेबर लगाने का दबाव बनाने, वसूली करने, धमकाने व मारपीट जैसे कृत्य करते हैं जिससे उद्योग-धंधों के संचालन पर विपरीत असर पड़ रहा है। इस पर जिला कलक्टर के निर्देश पर शिकायत पुलिस को प्रेषित करने व अगली बैठकों में नियमित रूप से पुलिस के अधिकारी को उपस्थित रह कर कानून व्यवस्था का मुद्दा भी एजेंडे में शामिल करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जानी ने बताया कि ग्रोथ सेंटर में चम्बल परियोजना के तहत एक लाख लीटर पानी दिए जाने की स्वीकृति संबंधी प्रक्रिया की आगामी कार्यवाही के निर्देश रीकों के अधिकारियों को दिए गए। बैठक में बिजली, लैंड टेक्स सहित राज्य सरकार के स्तर के अन्य मुद्दे सक्षम स्तर पर प्रेषित किए जाने का आश्वासन दिया गया।

46 नए कोरोना संक्रमित, आंकड़ा पहुंचा 849

भीलवाड़ा। जिले में कोरोना संक्रमण की जैसे-जैसे सेंपलिंग बढ़ रही है वैसे-वैसे ज्यादा संक्रमित सामने आने लगे है। बुधवार को शाम तक आई रिपोर्ट के अनुसार 46 व्यक्ति कोरोना संक्रमण से ग्रसित मिले। तीन चरणों में आई रिपोर्ट में जिसमें पहली सुबह आई रिपोर्ट में 11, दोपहर में आई रिपोर्ट में 31 तथा शाम को आई रिपोर्ट में 4 व्यक्ति कोरोना पॉजीटिव सामने आये। सुबह एक वकील, नाई सहित 11 लोग कोरोना संक्रमित निकले है। बाद में आई दो रिपोर्ट में 35 व्यक्ति संक्रमित निकले। इनमें शहर के वैभव नगर, लव गार्डन के पास तथा पुरानी धानमंडी के तेली मोहल्ला निवासी तीन लोगशामिल है। शाहपुरा ब्लॉक के 17, जहाजपुर के 3, मांडलगढ़ के 4, गुलाबपुरा के 3 तथा मांडल का 1 शामिल है।

सुर्खियां

कोरोना से बचाव के लिए भ्रमण कर रहा है जनजागरण रथ

भीलवाड़ा। कोविड-19 कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव को लेकर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का जागरुकता संदेश रथ भीलवाडा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर जागरुकता का संदेश दे रहा है। संकडी गलियों में जहां पर अन्य कोई वाहन नहीं पहुंच पाया वहां पर यह जागरुकता रथ कारगर साबित हो रहा है। यह रथ 31 जुलाई से कलेक्टेट परिसर से रवाना हुआ जिसे जिला कलक्टर श्री शिवप्रसाद एम नकाते ने हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया था। यह रथ बुधवार को भीलवाडा के औद्योगिक क्षेत्रा के सेक्टर ए, बी व सी पुर, हुडको कॉलोनी, बिहारी कॉलोनी, बिलिया, माताजी के मंदिर के पीछे वाली कॉलोनी, प्रतापनगर, पांसल चैराहा व महावीर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर अनाउन्समेंट सिस्टम एवं गीतों के माध्यम से कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिये जनजागरण किया।

आसपास :

मुख्यमंत्री ने की राज्य कर्मचारी संगठनों से वीसी

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को प्रदेश भर के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के साथ माध्यम से चर्चा की एवं कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्राण में राज्य कर्मचारियों की ओर से दिए गए सहयोग की सराहना की। उन्होंने आगे की कार्य योजना के लिए सुझाव भी मांगे। मंत्रालय कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष गोपाल स्वरूप वैष्णव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान जयपुर से जुड़े प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों से कहा कि भीलवाड़ा ने जिस प्रकार प्रारंभिक चरण में ही कोरोना संक्रमण पर नियंत्राण पाने में सफलता हासिल की थी, उसकी चर्चा प्रदेश भर में हुई, उसमें राजकीय कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान था। मुख्यमंत्री ने आने वाले समय में कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव भी मांगे। कर्मचारी संगठनों की लंबित मांगों के निस्तारण हेतु अलग से बैठक लेकर चर्चा करने का आश्वासन भी उन्होंने दिया। भीलवाड़ा जिला मुख्यालय स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री आशुतोष आचार्य, शोभालाल साहू, शिक्षक संघ के नीरज शर्मा, कलेक्ट्रेट से नितिन शर्मा, विनोद गोखरू, ईश्वर सिंह एवं अन्य कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंस में भाग लिया।मुख्यमंत्री की इस विडियो कान्फ्रेंस में शासन सचिवालय, पुस्तकालय, एनआईसी, स्वास्थ्य, उद्योग, कलेक्टेट कार्यालय जयपुर, पंत कृषि भवन, निदेशालय स्थानीय निकाय, विद्युत, योजना, आई.टी. एवं जिला कलक्टर कार्यालयों में स्थित वी.सी. कक्षों से विडियो कान्फ्रेंसिंग हुई। विडियो कान्फ्रेंस में मुख्य सचिव राजीव स्वरुप, प्रमुख शासन सचिव वित्त निरंजन कुमार आर्य, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अखिल अरोडा, प्रमुख शासन सचिव कार्मिक रोली सिंह, प्रमुख शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राजेश्वर सिंह, प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग आनन्द कुमार, प्रमुख शासन सचिव उर्जा विभाग अजिताभ शर्मा ने भाग लिया।

प्रकाशक 31 तक जमा करवा सकेंगे ऑनलाइन वार्षिक विवरण

भीलवाड़ा। भारत के समाचार पत्रा पंजीयक की ऑनलाइन पोर्टल 31 अगस्त तक खुली है। प्रकाशक वित्तीय वर्ष 2019-20 का वार्षिक विवरण इस पर ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं। आर.एन.आई. द्वारा जारी पे्रसनोट के अनुवार पी.आर.बी. एक्ट 1867 की धारा 19-डी के तहत प्रकाशकों को उनके प्रकाशन का वार्षिक विवरण जमा कराना होता है।

जिम्मेदारी के साथ करें जनता के काम : नकाते

भीलवाड़ा। जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास के अध्यक्ष शिवप्रसाद एम. नकाते ने बुधवार को यूआईटी कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनता के काम समय पर जिम्मेदारी के साथ पूरे करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि काम में कोई कमी पाई गई तो वे किसी को नहीं बख्शेंगे। इसके साथ ही उन्होंने लम्बे समय से अधूरे पडे कामों को पूरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने न्यास की विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया और कामकाज की जानकारी ली।

हिंडोला उत्सव का समापन

भीलवाड़ा। रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित श्री आनंदधाम हवेली मंदिर में बुधवार को सुरंग का हिंडोला सजाया गया। इसी के साथ एक माह से चल रहे हिंडोला उत्सव का समापन हो गया। अब आनंदधाम में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां प्रारंभ हो जाएगी। श्री पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार आनंदधाम हवेली में बगीचा मनोरथ के मौके पर प्रभु श्रीनाथजी एवं द्वारिकाधीश जी को भारी श्रृंगार धराया गया। भोग आरती दर्शन में ठाकुरजी को आनंदधाम के कमल चौक में विराजित किया। ट्रस्टी सुमन बाहेती ने बताया कि चौक में केले के 84 पेड़ों से कुंज बनाया। आम के पत्तों से बगीचा सजाया। लालन के स्वागत में गोपी ग्वाल आदि सजाए। रक्षा बंधन के मौके पर राखी का हिंडोला सजाया गया।

युवक से मारपीट कर लूटी नकदी, जला दी मोटरसाइकिल

भीलवाड़ा। जिले के फूलियाकलां थाना क्षेत्र में स्थित कनेछन क्षेत्र में देवस्थल के पास बीती रात चार लुटेरों ने गांव जा रहे युवक को रोककर न केवल मारपीट और लूटपाट की, बल्कि बाइक को भी आग के हवाले कर दिया।

टायटन बायोटेक लिमिटेड

CIN L74999RJ1992PLC013387

पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-111, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

फोन: 011-71239900 | फैक्स: +91-11-47619811 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com | वेबसाईट: www.titanbiotechltd.com

30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू लाखों में) ईपीएस को छोडकर

क्र सं	विवरण	कंसोलिडेटेड			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वार्षिक
		30.06.2020	31.03.2019	30.06.2019	31.03.2020
		अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,965.22	2,026.02	2,220.54	7,988.75
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	1,758.40	228.50	359.84	979.01
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	1,767.40	228.50	359.84	1,040.42
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	1,322.13	194.95	259.73	783.74
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ) (नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें)	1,322.13	189.93	259.73	778.72
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिज़र्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	3,092.96
8	प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक)				
	(ए) बेसिक	15.42	2.33	2.37	8.55
	(बी) डायल्यूटिड	15.42	2.33	2.37	8.55

30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू लाखों में) ईपीएस को छोडकर

क्र सं	विवरण	स्टैन्डलोन			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वार्षिक
		30.06.2020	31.03.2020	30.06.2019	31.03.2020
		अनंकेक्षित	अंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,511.02	1,821.55	1,755.38	6,988.58
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	1,620.43	232.83	170.33	762.84
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	1,629.43	232.83	170.33	824.25
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	1,219.34	193.25	122.94	620.14
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ) (नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 3 देखें)	1,219.34	188.54	122.94	615.43
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिज़र्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	2,954.96
8	प्रति शेयर आय (रू. 10/- प्रत्येक)				
	(ए) बेसिक	14.76	2.34	1.49	7.50
	(बी) डायल्यूटिड	14.76	2.34	1.49	7.50

नोट्स:

1. उपरोक्त 30.06.2020 को समाप्त हुए तिमाही के लिए स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम के विस्तृत स्वरूप का एक अर्क है। सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 की बीएसई लिमिटेड के तहत विनियमन 33 के तहत दायर की गई। बीएसई की वेबसाइट पर 30.06.2020 को समाप्त हुए तिमाही के स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का प्रारूप www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर भी उपलब्ध है।
2. 30.06.2020 को समाप्त तिमाही के लिए उक्त अघोषित स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 05 अगस्त, 2020 को आयोजित बैठक में रिकॉर्ड किया गया है। उपरोक्त परिणामों का ऑडिट कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, सेबी के विनियमन 33 (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) 2015 के संदर्भ में।
3. कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अधध्यादेश 2019 द्वारा पेशा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तद्अनुसार, कंपनी ने 30 जून 2020 को समाप्त तिमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।
4. 30.06.2020 को समाप्त तिमाही के दौरान कंपनी के राजस्व में असाधारण तेज वृद्धि मुख्य रूप से उन उत्पादों की आपूर्ति के कारण हुई, जो कि COVD-19 महामारी के कारण पैदा हुई थी।
5. भारत सरकार द्वारा लगाए गए COVD-19 के प्रकोप और परिणामस्वरूप राष्ट्रीय लॉकडाउन के कारण गैर-आवश्यक श्रेणी के अतंर्गत आने वाले उत्पादों के लिए पैन-इंडिया का करोबार बधित हुआ है। कंपनी ने संभावित जोखिम पर विचार किया है जो महामारी से उत्पन्न हो सकता है, अपनी वित्तीय और गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों की वहन राशि पर, जिसके लिए कंपनी ने निर्णय और मान्यताओं को लागू करने में विवेक के सिद्धांतो के साथ - साथ इन परिणामों के अनुमोदन की तारीख तक उपलब्ध अंतरिक/बाहरी जानकारी का उपयोग किया है, इन परिणामों के अनुमोदन की तारीख तक उपलब्ध जानकारी और इन वित्तिय परिणामों पर भौतिक प्रभाव नहीं है। कंपनी भविष्य की आर्थिक परिस्थितियों के किसी भी आर्थिक प्रभाव की बारीकी से निगरानी करना जारी रखेगी।
6. स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) नियमावाली 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों (इंडस्ट्रीज़ एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।(आमतौर पर भारत में स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांत)

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
कृते टायटन बायोटेक लिमिटेड

हस्ता/-
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
डीआईएन -00027448

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 05.08.2020